भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1489**
उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026
सोमवार, 20 माघ, 1947 (शक)

**जेएसएस के लिए निधि का आवंटन**

**1489. श्रीमती मालविका देवी:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं और उक्त योजना के अंतर्गत ओडिशा में विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान संस्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार उक्त योजना के अंतर्गत नए पाठ्यक्रमों को शामिल करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावित प्राठ्यक्रमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) ओडिशा में उक्त योजना के अंतर्गत नामांकित और प्रशिक्षित अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों की कुल संख्या कितनी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना का उद्देश्य भारत सरकार के पूर्ण अनुदान से लाभार्थियों के घर पर ही अनौपचारिक रूप से कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस योजना का लक्ष्य कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से स्वरोजगार/मजदूरी को बढ़ावा देकर परिवारों की आय में वृद्धि करना है। जेएसएस का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 15-45 वर्ष आयु वर्ग के निरक्षरों, 8वीं कक्षा तक की बुनियादी शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों और 12वीं कक्षा तक के विद्यालय छोड़ने वाले छात्रों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है।

उक्त योजना के अंतर्गत ओडिशा में पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक) के दौरान जारी की गई धनराशि का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) स्थानीय मांग के आधार पर, जेएसएस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए हाल ही में एनएसक्यूएफ के अनुरूप स्तर 2 से स्तर 3 तक की कुल 51 जॉब रोल्स को अपनाया गया है, जिनमें नए युग के 28 जॉब रोल्स शामिल हैं। इससे लाभार्थियों की रोजगार क्षमता और करियर की संभावनाओं को बढ़ाते हुए प्रशिक्षण क्षेत्रीय रूप से प्रासंगिक बना रहेगा। इसका विस्तृत ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष में दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक ओडिशा राज्य में जेएसएस योजना के तहत कुल 2.02 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के 91,599 लाभार्थी शामिल हैं। इसका ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है।

**जेएसएस के लिए निधि का आवंटन के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1489 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध-I**

ओडिशा राज्य में जेएसएस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का ब्यौरा (वित्त वर्ष 2022-23 से दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक):

| **वित्त वर्ष** | **जारी की गई धनराशि** |
|---|---|
| वित्त 2022-23 | 15,38,21,857 |
| वित्त 2023-24 | 15,19,01,996 |
| वित्त 2024-25 | 14,37,97,507 |
| वित्त 2025-26 | 10,81,46,555 |
| **कुल योग** | **55,76,67,915** |

**जेएसएस के लिए निधि का आवंटन के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1489 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध- II**

जन शिक्षण संस्थान के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए अपनाई गई 51 एनएसक्यूएफ-अनुरूप जॉब रोल्स की सूची निम्नलिखित है:

| क्र.सं. | क्षेत्र | जॉब रोल्स |
|---|---|---|
| 1 | परिधान | असिस्टेंट ड्रेस मेंकर |
| 2 | ऑटोमोटिव | हेलपर - दो/तीन पहिया वाहन मैकेनिक |
| 3 | सौंदर्य और स्वास्थ्य | सौंदर्य देखभाल असिस्टेंट |
| 4 | पूंजीगत वस्तुएं | असिस्टेंट वेल्डर और तकनीशियन |
| 5 | घरेलू कामगार | घरेलू देखभाल परिचारिका |
| 6 | इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर | हेलपर विद्युत तकनीशियन |
| 7 | इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर | हेलपर - वायरमैन |
| 8 | खाद्य प्रसंस्करण | असिस्टेंट - फल और सब्जी प्रसंस्करण और संरक्षण |
| 9 | हस्तशिल्प और कालीन | असिस्टेंट कालीन बुनकर - नाटिड |
| 10 | हस्तशिल्प और कालीन | असिस्टेंट - जूट हस्तशिल्प निर्माता |
| 11 | हस्तशिल्प और कालीन | असिस्टेंट हस्त कढ़ाई (फुलकारी / चिकनकारी / कश्मीरी / ज़री ज़र्दोजी / कंथा) |
| 12 | हस्तशिल्प और कालीन | असिस्टेंट कारीगर - बांस शिल्प |
| 13 | आईटी-आईटीईएस | असिस्टेंट कंप्यूटर ऑपरेटर |
| 14 | प्लंबिंग | असिस्टेंट - प्लंबिंग और स्वच्छता कार्य |
| 15 | वस्त्र और हथकरघा | असिस्टेंट कपड़ा प्रिंटर |
| 16 | पर्यावरण विज्ञान | सोलर पीवी इंस्टॉलेशन हेल्पर |
| 17 | खुदरा | रिटेल कैशियर |
| 18 | ऑटोमोटिव | ऑटोमोटिव असेंबली असिस्टेंट |
| 19 | खनन | हेलपर - भूमिगत खदानें |
| 20 | परिधान | लेयरमैन (फ्रेब्रिक) |
| 21 | ऑटोमोटिव | ड्राइविंग असिस्टेंट |
| 22 | हस्तशिल्प और कालीन | स्ट्रिंग/बीडिंग कारीगर (फैशन ज्वेलरी) |
| 23 | पेंट और कोटिंग्स | पेंटिंग हेल्पर |
| 24 | कृषि | मधुमक्खी पालक (लघु इकाई) |
| 25 | कृषि | मशरूम उत्पादक (लघु इकाई) |

| | | |
|---|---|---|
| 26 | परिधान | दर्जी - एडवांसड |
| 27 | ऑटोमोटिव | ऑटोमोटिव मेंटेनेंस तकनीशियन - इलेक्ट्रिकल |
| 28 | ऑटोमोटिव | ऑटोमोटिव बॉडी रिपेयर तकनीशियन |
| 29 | सौंदर्य और स्वास्थ्य | असिस्टेंट हेयर ड्रेसर - सैलून सेवाएं (एडवांसड) |
| 30 | निर्माण | टाइल मिस्त्री - एडवांसड |
| 31 | इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर | स्मार्टफोन मरम्मत एवं रखरखाव असिस्टेंट |
| 32 | इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर | इंस्टॉलेशन एवं मरम्मत असिस्टेंट (उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स) |
| 33 | इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर | असिस्टेंट कंप्यूटर तकनीशियन |
| 34 | खाद्य प्रसंस्करण | असिस्टेंट बेकिंग तकनीशियन |
| 35 | खाद्य प्रसंस्करण | बाजरा उत्पाद प्रसंस्करणकर्ता |
| 36 | खाद्य प्रसंस्करण | मछली एवं समुद्री भोजन जूनियर प्रोसेसर |
| 37 | खाद्य प्रसंस्करण | पापड़, अचार और मसाला पाउडर बनाने की बुनियादी जानकारी |
| 38 | हस्तशिल्प और कालीन | हस्तनिर्मित मोमबत्ती निर्माता |
| 39 | हस्तशिल्प और कालीन | एडवांसड पोट्टर (पारंपरिक मिट्टी बर्तन और टेराकोटा उत्पाद निर्माता सहित) |
| 40 | हस्तशिल्प और कालीन | क्रीऐटिव मालाकार |
| 41 | हस्तशिल्प और कालीन | क्रीऐटिव सॉफ्ट टॉय मेकर (एडवांसड) |
| 42 | स्वास्थ्य सेवाएँ | स्वास्थ्य सेवा में फाउंडेशन कोर्स |
| 43 | आईटी-आईटीईएस | कंप्यूटर अवधारणाओं पर कोर्स |
| 44 | आईटी-आईटीईएस | साइबर सुरक्षा असिस्टेंट |
| 45 | आईटी-आईटीईएस | डेटा विश्लेषण असिस्टेंट |
| 46 | प्रबंधन | कार्यालय असिस्टेंट |
| 47 | पर्यटन और आतिथ्य सत्कार | फ्रंट ऑफिस असिस्टेंट |
| 48 | पर्यटन और आतिथ्य सत्कार | खाद्य वितरण एसोसिएट |
| 49 | पर्यटन और आतिथ्य सत्कार | लघु उद्यमी (फास्ट फूड स्टॉल) |
| 50 | पर्यटन और आतिथ्य सत्कार | सफाई मित्र |
| 51 | पर्यटन विज्ञान | बढ़ई (एडवांसड) |

**जेएसएस के लिए निधि का आवंटन के संबंध में दिनांक 09.02.2026 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1489 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध- III**

ओडिशा राज्य में वित्त वर्ष 2022-23 से दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक जेएसएस के प्रशिक्षित लाभार्थियों का ब्यौरा:

| वित्त वर्ष | प्रशिक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 71,765 | 18,995 | 17,546 |
| 2023-24 | 50,828 | 12,791 | 12,964 |
| 2024-25 | 52,123 | 10,118 | 9,588 |
| 2025-26 | 27,468 | 5,329 | 4,268 |
| **कुल योग** | **2,02,184** | **47,233** | **44,366** |

*****